हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



04 पौराणिक जीवंत चित्रण दर्शाता देवताओं का अनोखा...



07 जिले को मिले 14 डॉक्टर, इनमें 10 श्योपुर में...




## खबर संक्षेप

### महिला जैन मिलन की बैठक संपन्न

**सागर।** भारतीय जैन मिलन के क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत महिला जैन मिलन मुख्य शाखा कटरा सागर की बैठक आयोजित की गई। शाखा संयोजिका, संरक्षिकाओं एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ सदस्य वीरांगना अनीता शास्त्री को अध्यक्ष और वीरांगना अनीता जैन विद्यासागर को सचिव मनोनीत किया। संरक्षिका वीरांगना माया सराफ ने मनोनीत नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी। नव मनोनीत अध्यक्ष वीरांगना अनीता शास्त्री ने कहा कि मैं सभी सदस्यों का सम्मान करते हुए सभी को साथ लेकर सद्भावना पूर्ण वातावरण में कार्य करूंगी और संस्था की गरिमा, एवं सभी के विश्वाश को बनाए रखूंगी। सचिव वीरांगना अनीता विद्यासागर ने आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष वीरांगना ने सभी से समय पर शुल्क राशि प्रदान कर सहयोग करने का निवेदन किया पूर्व अध्यक्ष वीरांगना किरण जैन सिसई, वीरांगना रश्मि समैया आदि उपस्थित रही।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अनंतिम सूची जारी

**गढाकोटा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना गढ़ाकोटा जिला सागर के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का 02 एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 06 रिक्त पदों पर एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रहली की अध्यक्षता में आयोजित खण्ड स्तरीय समिति की बैठक में एम.पी. ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और अवलोकन के उपरांत पात्र आवेदिकाओं की अनंतिम सूची पोर्टल पर जारी की गई है। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन सूची पर आपत्ति है वे अगामी 07 दिवस के अंदर एम.पी. ऑनलाईन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करा सकती हैं।

### विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के 3 विद्यार्थियों ने सीटीईटी परीक्षा की उत्तीर्ण

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों मानसी पोखरियाल, आकाश प्रभाकर और ज्योति साहू ने सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी यह सफलता उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीबीएसई द्वारा आयोजित सीटीईटी, केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षक बनने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण योग्यता मानी जाती है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों और प्रशासन ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि ऐसी सफलताएँ अन्य छात्रों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रो. रश्मि सिंह, प्रो. बी.आई. गुरु तथा अन्य संकाय सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएँ दीं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की बढ़ती शैक्षणिक सफलताओं में एक और महत्वपूर्ण जोड़ है और यह भविष्य के योग्य शिक्षकों को तैयार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

### पीएम श्री स्कूल हिलगन में सरस्वती पूजन के साथ हुआ स्वागत

**सागर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिलगन में 1 अप्रैल को नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती का पूजन कर छात्र-छात्राओं का रोली एवं पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कक्षा आठवीं उत्तीर्ण कर नवमी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया। शासन के निर्देशानुसार इन विद्यार्थियों का बेसलाइन टेस्ट भी आयोजित किया गया। साथ ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

## शाला में भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुआ, गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकासपरक शिक्षा प्रदान करें

# संभाग के सभी विद्यालयों, हॉस्टलों में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन नंबर भी अंकित करें : संभाग कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकासपरक शिक्षा प्रदान करें एवं विद्यालयों में प्रत्येक माह पालकों की बैठके आयोजित की जाएं साथ ही संभाग के सभी विद्यालयों, हॉस्टलों में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन नंबर भी अंकित करें। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने सागर जिले के बंडा विकासखंड अंतर्गत बरा माध्यमिक शाला में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षकों एवं अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अधिकारी विवेक केवी, एसडीएम आरती यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा सहित अन्य जन प्रतिनिधि अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं शिक्षक मौजूद थे।

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ पर प्रवेश उत्सव के तहत आज बंडा विकासखंड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बरा पहुंचे जहां उन्होंने विद्यालय की समग्र व्यवस्था, शिक्षण गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर ने पूरे स्कूल परिसर का विस्तृत जायजा लिया और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से भी बातचीत की। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए उनसे अपना अनुभव सांझा किया एवं बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कमिश्नर अनिल सुचारी ने मध्यान्ह भोजन में मेन्यू के अनुसार तैयार किए गए कड़ी, चावल की गुणवत्ता, स्वाद तथा स्वच्छता की जांच करते हुए उन्होंने स्वयं ही बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। संभाग कमिश्नर ने शाला के पुराने रिकॉर्ड को देखा, उन्होंने 1876 का स्कूल रिकॉर्ड देखा, 28 नवंबर 1876 से शुरु हुई विजिटर बुक जो कि चार भाषाओं में अंकित हैं वह आज भी सुरक्षित है जिसे देखकर कमिश्नर ने स्कूल प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने स्कूल का लेखा रिकॉर्ड, उपस्थिति पंजी रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की भी गहन जांच की। कमिश्नर ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा खेल सामग्री का वितरण किया।

संभाग कमिश्नर ने शाला परिसर में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, कक्षाओं की मरम्मत और पंखों की स्थिति, वेंटीलेशन, फर्नीचर जैसी आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई को बनाए रखने, स्वच्छ पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने, आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने तथा सभी कक्षाओं में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया गया जिसके परीपेक्ष्य में कमिश्नर अनिल सुचारी आज बण्डा स्थित बरा माध्यमिक शाला पहुंचे। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनायीं गयीं। इस दौरान विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट की गयीं।




## महिला अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर की जाए कार्यवाही : सीमा चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महिला अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई हो यह मांग जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं पार्षद सीमा कमल चौधरी ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा के मार्गदर्शन में मकरोनिया बडतूमा में आयोजित धरना कार्यक्रम में कहीं । साथ ही उन्होने ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बड़े है।

एक और भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है वहीं दूसरी ओर महिलाओं पर अत्याचार में भाजपा के नेता या उनके समर्थित लोगों का शामिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाओं के प्रति अत्याचार करने वाली अपराधियों पर बिना राजनीतिक दबाव के तुरंत कार्रवाई हो एवं अपराधियों को उनकी सजा मिले।

मकरोनिया नगर के बड़तूमा में धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच कमल रानी आदिवासी, हल्की भाई आदिवासी, देवी मिश्रा, शिवानी पटेल, जयंती यादव, ज्योति यादव, सियारानी सिलावट, गीता सिलावट, दुर्गा अहिरवार, गीता अहिरवार, सरोज रानी, अहिरवार, कमल रानी, गोरा, राधा बाई, जगरानी, राजनंदनी, आशा रानी, मनीषा, दुलारी, मीरा बंसल, महारानी, रानू, प्यारी बाई, संजू, कमल चौधरी, छेदीलाल वीरू, अहिरवार, आशीष अहिरवार, बंटी अहिरवार,भरत अहिरवार, चुन्नी अहिरवार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## बिजली कंपनी ने समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ाई, बकाया भुगतान पर होगा सरचार्ज माफ

**सागर।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढा दिया गया है। उल्लेखनीय है पूर्व मे यह योजना 31 मार्च तक लागू थी। उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 नवम्बर 2025 को समाधान योजना शुरू हुई थी जिसमे 31 मार्च तक 27 लाख 47 हजार बिजली उपभोक्तओ ने सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया, कुल 1336 करोड 46 लाख रूपये जमा किए गए जबकि 450 करोड 31 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। उर्जा मंत्री ने बिजली उपोक्ताओ से आग्रह किया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है इसका लाभ जरूर ले। सागर वृत्त की अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओ के लिए वरदान बनी है जो अब उन्हे समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एक मुश्त अथवा किश्तो में भुगतान का विकल्प मिल रहा है।



## रुद्राक्षधाम स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर देर रात तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के प्रसिद्ध धर्मस्थल रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थितश्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में अंजनीपुत्र वीर हनुमान जी के प्रकटोत्सव का पुण्य पर्व धार्मिक पूजन संस्कारों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। चरणसेवक पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने परिजनों के साथ प्रातः काल पहुंच कर अभिषेक, 56भोग और आरती के साथ कार्यक्रमों का आरंभ किया। रात्रि 11 बजे तक चले दर्शनार्थियों के क्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन किए। रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी का दिव्य और भव्य मंदिर में प्रातः से ही अखंड रामायण का सस्वर पाठ आरंभ हुआ। प्रातः कालीन अनुष्ठानों के साथ दर्शन आरंभ हुए। श्री हनुमान लला जू को 56 भोग के बाद प्रसादी वितरण भी हुआ। संध्या काल में श्री राधे राधे में मंडल द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की गई। संध्या आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को ध्वजाओं व आकर्षक रंगीन एलईडी सजावट से सजाया गया था और संगीत के साथ पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं दिन भर भगवान हनुमान जी की सेवा में प्रांगण में उपस्थित रहे। शहर के अनेक गणमान्य व जन प्रतिनिधिगण सहित हजारों श्रद्धालुओं ने श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## संकल्प शक्ति से असंभव को संभव बनाते हैं हनुमान जीः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, बुद्धि, विनम्रता और निष्काम सेवा के अद्वितीय संगम हैं, जिनका चरित्र हर युग में मानवता को दिशा देने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि महाकाली की अपार शक्ति और महासरस्वती के दिव्य ज्ञान का अद्भुत समन्वय हनुमान जी में देखने को मिलता है। उनका अहंकार पूर्णतः शून्य है, इसलिए उनकी शक्ति अनंत और कल्याणकारी है। वे साक्षात शिव का वह स्वरूप हैं, जो अहंकार का दमन कर सेवा, समर्पण और भक्ति का संदेश देते हैं। हनुमान जी कलियुग के जाग्रत देवता हैं और सच्चे मन से उनका स्मरण करने पर वे भक्तों के सभी संकटों का निवारण करते हैं तथा आत्मबल को जागृत करते हैं।

हनुमान जी ने अपनी अपार शक्ति और सामर्थ्य का उपयोग कभी व्यक्तिगत सुख या स्वार्थ के लिए नहीं किया, बल्कि सदैव परमार्थ और लोक-कल्याण के लिए समर्पित रखा। उन्होंने यह सिद्ध किया कि जब 'प्रतिभा' और 'शक्ति' का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए होता है, तो साधारण व्यक्ति भी असाधारण बनकर देवतुल्य स्थान प्राप्त कर सकता है। हनुमान जी आत्म-कल्याण और लोक-कल्याण के सर्वोच्च आदर्श हैं। वे सर्वज्ञ हैं और प्रेमपूर्वक स्मरण करने मात्र से ही अपने भक्तों के कष्टों को दूर कर देते हैं, यही कारण है कि उन्हें जन-जन का आराध्य माना जाता है।उन्होंने कहा कि शास्त्रों में वर्णित 'अष्ट चिरंजीवियों' में हनुमान जी का विशेष स्थान है और उन्हें कलियुग का सबसे जाग्रत देवता माना जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने जिस 'निष्काम कर्मयोग' का उपदेश दिया है, हनुमान जी उसका सजीव और व्यावहारिक उदाहरण हैं। उन्होंने जीवन भर प्रत्येक कार्य को पूर्ण समर्पण, निष्ठा और बिना किसी स्वार्थ के किया। उन्होंने कभी यह नहीं पूछा कि कार्य क्यों करना है या कैसे करना है, बल्कि हर परिस्थिति में समाधान प्रस्तुत किया और अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा।

अविराज सिंह ने कहा कि जब समुद्र पार करने के लिए कोई सेतु, साधन या संसाधन उपलब्ध नहीं था, तब हनुमान जी ने अपने आत्मबल, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर असंभव को संभव कर दिखाया। यह प्रसंग आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है, क्योंकि यह स्पष्ट संदेश देता है कि संसाधनों का अभाव केवल एक बहाना होता है। यदि संकल्प शक्ति प्रबल हो, तो व्यक्ति किसी भी कठिनाई को पार कर सकता है और अपने लक्ष्य तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी 'संकल्प शक्ति' के प्रतीक हैं और उनका जीवन यह सिखाता है कि यदि मन में दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी लक्ष्य अप्राप्य नहीं रहता।



## रिहायशी इलाके से शराब दुकान को हटाने की मांग

**खुरई।** दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर रिहायशी इलाके में शराब की दुकान खोलने का विरोध किया। लोगों ने बताया कि वार्ड में पुरानी हेमंत टॉकीज की जगह बनी कॉलोनी के सामने, नाग मंदिर के सामने, राम मंदिर से लगकर बाड़ी में शराब की दुकान खोली जा रही है। यह इलाका पूरी तरह रिहायशी है। यहां मध्यमवर्गीय परिवार रहते हैं। वार्ड वासियों ने कहा कि प्रस्तावित दुकान के बहुत पास कन्या स्कूल संचालित है। परसा चौराहा भी पास है। दुकान खुलने पर छात्राओं का वहां से गुजरना मुश्किल होगा। सुरक्षा पर असर पड़ेगा। मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। लोगों ने बताया कि पास में मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल हैं। श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचेगी। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा। वार्डवासियों ने एसडीएम से जनहित, नारी सुरक्षा, क्षेत्र की पवित्रता को देखते हुए दुकान का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने की मांग की।

## यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चयन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में लेंगी हिस्सा

# उपलब्धिः भारतीय संस्कृति की ध्वजवाहक बनकर रूस जाएंगी विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट सारा पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा और 7 एमपी गर्ल्स बटालियन कैडेट सारा पांडे ने प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम रूस 2026–27 के लिए चयनित होकर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

उनकी इस प्रेरणादायक यात्रा की शुरुआत इंटर-ग्रुप प्रतियोगिता से हुई, जहाँ से उन्हें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने भोपाल में आयोजित डायरेक्टरेट स्तर की चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार किया। आगे चलकर, उन्होंने आरडीसी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कठिन चयन चरणों लिखित परीक्षा, ड्रिल टेस्ट, समूह चर्चा और साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी योग्यता सिद्ध की। विवि गर्ल्स एनसीसी अधिकारी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. सुमन पटेल के मार्गदर्शन और निरंतर प्रेरणा ने सारा को इस मुकाम तक पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, 7 एमपी बटालियन के पीआई स्टाफ तथा विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग, प्रोत्साहन और समर्थन भी उनकी सफलता का आधार बना।



कैडेट सारा पाण्डेय यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 30 मई को दिल्ली से रूस के लिए रवाना होगी. 21 मई से दिल्ली में 7 दिनों तक उन्हें रूस में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। 30 मई को सभी 10 एनसीसी कैडेट्स का दल अधिकारियों के साथ रूस के लिए रवाना होगा और 7 जून तक इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। भारत के कैडेट्स भारतीय संस्कृति के बारे में रूस में विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे रूसी संस्कृति से भी परिचित होंगे।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाई.एस. ठाकुर ने कैडेट सारा पाण्डेय को कुलपति कार्यालय में बधाई दी और उनकी इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनायें प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल परिवार और विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कैडेट सारा को रूस में विश्वविद्यालय और भारत देश की अप्रतिम छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलसचिव एस.पी. उपाध्याय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डी. के. नेमा, उपकुलसचिव सतीश कुमार और लेफ्टिनेंट डॉ. सुमन पटेल ने भी कैडेट सारा पांडे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।




## उत्कृष्ट विद्यालय नवीन प्रवेशित छात्र/छात्राओं का प्रवेश उत्सव 2026 मनाया गया

**खुरई।** शास.पं.के.सी.शर्मा.उत्कृष्ट.उ.मा.विद्यालय में एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि नन्नीबाई अहिरवार नगर पालिका अध्यक्ष, हेमचंद बजाज, इन्द्र कुमार राय, प्रवीन जैन, इन्द्र राज सिंह ठाकुर, अर्चना जैन, विनीता सौर की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। नायब तहसीलदार शिवमूर्ति सरल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एस.शर्मा एवं प्राचार्य रविकांत असाटी द्वारा सरस्वती पूजन के बाद प्राथर्ना सभा में छात्र-छात्राओं को प्रवेश उत्सव के संदर्भ में विद्यालय गतिविधियों के संचालन के सन्दर्भ में मार्गदर्शन दिया एवं नवीन प्रवेशित कक्षा 9वीं के छात्र/छात्राओं का बेसलाईन टेस्ट लिया गया एवं कक्षा 9वीं में केचमेन्ट माध्यमिक शालाओं के प्रभारियों से टी.सी.लेकर प्रवेश दिया गया एवं प्राचार्य द्वारा ब्रिजकोर्स एवं बेसिक नॉलेज कोर्स हेतु अध्यापन कार्यक्रम बताया गया। साथ ही क्रमषः कक्षा 9वीं,10वीं,11वीं के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावक वर्ग का तिलक रोली लगाकर सम्मान किया गया । नोडल अधिकारी डॉ विनोद राय ने बताया कि कक्षावार 350 उपस्थित छात्र/छात्राओं को अंकसूचियों के वितरण साथ पुस्तक वितरण किया गया। प्रथम दिन 300 छात्र -छात्राओं ने प्रवेश आवेदन पत्र लिए।एवं सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्राचीन हनुमान चालीसा मंदिर के बारे में कलेक्टर ने दी अदभुत जानकारी

# पौराणिक जीवंत चित्रण दर्शाता देवताओं का अनोखा दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

नगर में किले के सामने स्थित हनुमान चालीसा मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय पौराणिक परंपरा, देवताओं के आपसी धार्मिक संबंध और धार्मिक दर्शन का जीवंत प्रतीक है। इस मंदिर की विशेषता इसकी चार मंजिलें हैं, जिनकी संरचना किसी वास्तु संयोग से नहीं, बल्कि गहरे पौराणिक आधार और तार्किक धार्मिक क्रम के अनुसार की गई है। इस अनोखी व्यवस्था की जानकारी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा पौराणिक संदर्भों के साथ विस्तार से प्रस्तुत की गई, जिसके बाद यह मंदिर चर्चा का विषय बन गया है। साथ ही रियासत के राजघराने से ताल्लुक रखने बाले राव राजा विश्ववजीत सिँह जूदेव ने मंदिर के बारे में ऐतिहासिक जानकारी, प्राचीन चित्रण देकर इसे और ज्यादा रोचक बना दिया।

**भागीरथ गंगा से लेकर महाभारत तक का जीवंत चित्रण है हनुमान चालीसा मंदिर** पौराणिक मान्यताओं के आधार पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा बताए गए पौराणिक विवरण के अनुसार पांच मंजिला हनुमान चालीसा मंदिर के प्रथम तल पर भगवान शिव की स्थापना की गई है। पौराणिक कथा के अनुसार जब राजा भगीरथ गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए, तब गंगा के वेग को संभालने के लिये भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर उनके वेग को नियंत्रित किया। यही कारण है कि मंदिर की संरचना में सबसे नीचे भगवान शिव को स्थान दिया गया है, क्योंकि गंगा सबसे पहले उनकी जटाओं में आईं।

द्वितीय तल पर माँ गंगा का मंदिर स्थापित है। श्रीमद् भागवत और विष्णु पुराण के अनुसार गंगा का उद्गम भगवान विष्णु के चरणों से माना गया है। जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार में तीन पगों में ब्रह्मांड नापा, तब उनके चरणों से निकला जल गंगा के रूप में प्रकट हुआ, जिसे विष्णुपदी कहा गया। इसीलिए मंदिर में गंगा जी को भगवान शिव के ऊपर और भगवान विष्णु के नीचे स्थान दिया गया है। तृतीय तल पर भगवान विष्णु सत्यनारायण स्वरूप में विराजमान हैं। मंदिर की सबसे ऊपरी मंज़िल पर भगवान हनुमान विराजमान हैं। महाभारत के युद्ध का प्रसंग बताते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जब भगवान कृष्ण अर्जुन के सारथी बने, तब अर्जुन के रथ के ध्वज पर भगवान हनुमान विराजमान थे। भगवान कृष्ण स्वयं विष्णु के अवतार हैं, इस प्रकार हनुमान जी का स्थान विष्णु जी के रथ ध्वज पर सबसे ऊपर था। इसी पौराणिक प्रसंग के आधार पर मंदिर में हनुमान जी को सबसे ऊपर स्थान दिया गया है। इस प्रकार मंदिर की चारों मंज़िलें केवल निर्माण नहीं, बल्कि एक पौराणिक क्रम हैं।

**सबसे नीचे शिव, फिर गंगा, फिर विष्णु और सबसे ऊपर हनुमान।**

यह क्रम देवताओं के आपसी संबंध, अवतारों की परंपरा और पौराणिक घटनाओं पर आधारित एक अद्भुत धार्मिक संरचना प्रस्तुत करता है।



### शिल्पकार के नाम पर रहा मंदिर का नाम प्रसिद्ध, किले से दर्शन करने उत्तरमुखी प्रतिमा

राव राजा विश्वजीत सिंह जूदेव ने बताया कि शिल्पकार लाला परतीत राय द्वारा 17 से 18वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण पूर्ण किया था। तब से प्राचीन समय में शिल्पकार परतीत राय के नाम से मंदिर को परतीतला मंदिर कहा जाता था। साथ ही कुछ लोग इस नाम की व्याख्या को तालाब से भी जोड़ते है। महेंद्र सागर तालाब के ऊपर मंदिर बना हुआ होने की बजह से भी परतीतला नाम चलन में आया। जिसका अर्थ है तला के पर अर्थात ऊपर स्थित मंदिर। हनुमान चालीसा मंदिर नामकरण की बजह बताते हुये कहा कि हनुमान चालीसा पाठ की 40 चौपाइयों के प्रतीक स्वरूप मंदिर तक पहुँचने के लिए 40 सीढ़ियाँ बनवाई थीं, जिसके कारण इसे हनुमान चालीसा मंदिर कहा जाता है। मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा उत्तरमुखी इसलिये है क्योंकि मंदिर के उत्तर दिशा में किला है। जिससे महाराजा द्वारा किले से ही हनुमान जी के दर्शन किये जाते थे।

### कलम दवात स्वरूप आज भी है राजा विश्वजीत सिंह के पास

राव राजा विश्वजीत सिँह ने छुपी हुई जानकारी देते हुये बताया कि हनुमान चालीसा मंदिर का प्राचीन वास्तविक स्वरूप एक पीतल की छवि के रूप में आज भी मौजूद है। जिसकी फोटो भी राव राजा द्वारा हरिभूमि को उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि राजशाही जमाने के शिल्पकार (आरकिटेक्ट ) परतीत राय द्वारा कलम दवात के रूप में मंदिर बनाया गया। जो कायस्थ समाज से आते है जिनके बंशज आज भी है। इनके नाम के साथ लगने बाला राय शब्द इन्हे उपाधि रूप में मिला है।

### मंदिर के नाम से है 63 एकड़ कृषिभूमि

राजघराने और प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान चालीसा मंदिर के लिये महाराजा द्वारा 63 एकड़ कृषि जमीन भी आबंटित की गई थी। जिसमें से 40 एकड़ का एक रकवा और 23 एकड़ का दूसरा रकवा है। यह कृषि जमीन वार्ड क्रमांक 26 में स्थित है। वार्ड क्रमांक 26 के निवासियों ने बताया कि हनुमान चालीसा मंदिर की 63 एकड़ कृषि जमीन वार्ड में ही अनगड़ा वाईपास पर स्थित है। जो शासकीय दस्तावेजो के अनुसार पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे मंदिर के पुजारी परिवार की देखरेख में है।

**पौराणिक, धार्मिक व संस्कृति की अद्भुत स्थापत्य व्याख्या का भी अनोखा उदाहरण**



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने टीकमगढ़ कलेक्टर बनने के पूर्व मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड में अपर प्रबंध निदेशक के पद पर कार्य करते हुये महत्वपूर्ण भूमिकाये निभाई है। जिसका उल्लेखनीय अनुभव लाभ अब टीकमगढ़ जिले में मौजूद ऐतिहासिक स्थलों को रोचक अंदाज में प्रदर्शित किये जाने के रूप में जिले को मिल रहा है। इसी पर्यटन रूपी लाभ जिले को देने के उद्देश्य से पर्यटन की पारखी नजर से देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि यह हनुमान चालीसा मंदिर केवल आस्था के केंद्र के रूप में ही नहीं बनाया गया था, बल्कि इस मंदिर को बनाते समय इसमें पौराणिक संबंधों का जीवंत क्रम उकेरा गया है, जहाँ प्रत्येक मंज़िल बेदो में उल्लेखित एक पौराणिक कथा का स्वयं जीवंत वर्णन करती हुई दिखाई देती है। इस कारण से यह मंदिर पौराणिक ज्ञान, धार्मिक दर्शन और भारतीय संस्कृति की अद्भुत स्थापत्य व्याख्या का देश का एकमात्र अनोखा उदाहरण बन गया है। यहाँ आने वाले श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं करते, बल्कि एक मंज़िल से दूसरी मंज़िल तक जाते हुए पूरी पौराणिक कथा को भी अनुभव करते हैं।

### महाराजा के निर्देश पर शिल्पकार लाला परतीत राय ने बनाया था मंदिर

राजघराने से ताल्लुक रखने बाले राव राजा विश्वजीत सिँह जूदेव ने हनुमान चालीसा मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी देते हुये बताया कि हनुमान चालीसा मंदिर एक प्राचीन और अनूठा मंदिर है, जिसे अपनी विशिष्ट बनावट के कारण टावर नुमा मंदिर भी कहा जाता है। इस मंदिर का निर्माण तीन महाराजाओं के कार्यकाल से संबंधित रहा है। जिसमें ओरछा रियासत के महाराज विक्रमादित्य सिँह के द्वारा इस मंदिर की रुपरेखा रखी गई। इसके बाद महाराजा प्रताप सिँह जूदेव और महाराजा वीरसिंह जूदेव के द्वारा राजदरवार के शिल्पकार आर्किटेक्टर लाला परतीत राय को मंदिर बनबाने का निर्देश देकर निर्माण कराया गया।

---

आसमानी आफत से पीड़ित होने के बाद प्रशासन से राहत की आश

# ओलों की मार से सहमे किसान, खेतों व सड़कों पर बिछी सफेद आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़



जिले में बुधवार रात मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर कुंडेश्वर के आसपास स्थित खिरिया, चरपुवां और हरपुरा आदि गांव इस ओलावृष्टि की चपेट में आ गए, जहां कुछ ही देर में सड़कें और खेत ओलो की सफेद चादर से ढक गए।

तेज बारिश और बड़े-बड़े ओलों की बरसात से गांवों में मानो बर्फ की चादर बिछ गई। खेतों में खड़ी फसलों पर ओलों की मोटी परत जमने से किसानों की मेहनत पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि टीन शेड और घरों की छतों पर ओलों की तेज आवाज लंबे समय तक गूंजती रही, जिससे लोग दहशत में आ गए। ओलावृष्टि के दौरान कुंडेश्वर महरौनी रोड पर चल रहे वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर ओले बिछ जाने से फिसलन बढ़ गई और कई वाहन रेंगते हुए नजर आए। इस दौरान बाहन चालको ने प्रकृति की इस मार रूपी ओलो की बारिश का वीडियो वनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। अचानक बदले मौसम ने लोगों को हैरान कर दिया, क्योंकि दिनभर मौसम सामान्य था और रात में अचानक हालात बदल गए। सबसे ज्यादा चिंता किसानों को सता रही है। इस समय खेतों में गेहूं, चना, सरसों जैसी फसलें कटाई के मुहाने पर हैं, ऐसे में ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन अभी नहीं हो पाया है, लेकिन किसान खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति देखने में जुट गए हैं। कई किसानों का कहना है कि ओले की बजह से फसल पूरी तरह खराब भी हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने और मुआवजा दिलाने की मांग की है, क्योंकि एक ही रात की ओलावृष्टि किसानों की पूरी सालभर की मेहनत पर पानी फेर सकती है। मौसम विभाग ने भी बदलते मौसम के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। अब किसानों की नजर आसमान से ज्यादा प्रशासन पर है कि नुकसान का सर्वे कब होगा और राहत कब मिलेगी।

---

बिजली विभाग की छापमार टीम ने ठोका भारी जुर्माना

# सरकारी कर्मचारी बना बिजली चोर, छापे में खुली पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶पलेरा

बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे अभियान में विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रोजगार सहायक के घर पर छापा मारकर चोरी पकड़ी है। हैरानी की बात यह रही कि जो व्यक्ति सिस्टम का हिस्सा है, वही नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अवैध बिजली उपयोग करता मिला। कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्ति पर 69 हजार 975 रुपये का जुर्माना ठोक दिया गया है।

बिजली विभाग से सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि उनके नेतृत्व में विभागीय टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग के दौरान रोजगार सहायक प्रवेंद्र सिंह के घर दबिश दी। जांच में साफ तौर पर बिजली चोरी का मामला सामने आया, जिसके बाद विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया। विभाग ने मौके पर ही सख्त रुख अपनाते हुए भारी भरकम रिकवरी निर्धारित की। स्थानीय लोगो ने बताया कि यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी संबंधित व्यक्ति पर जांच की कार्रवाई हो चुकी है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सिस्टम के भीतर बैठे लोग ही जब नियम तोड़ेंगे, तो आम जनता को क्या संदेश जाएगा? बिजली विभाग के मार्च 2026 के आंकड़े स्थिति की गंभीरता खुद बयां कर रहे हैं। पूरे महीने में 437 बिजली चोरी के मामले सामने आए, जिनमें से केवल 124 मामलों में ही वसूली पूरी हो सकी। 224 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले महज 120 लाख रुपये की वसूली होना विभागीय चुनौतियों को उजागर करता है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में दो टूक बोलते हुये साफ कर दिया है कि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। चाहे आरोपी सरकारी कर्मचारी हो या आम नागरिक, सभी पर एक जैसी कार्रवाई होगी। विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं को चेताया है कि अवैध कनेक्शन का उपयोग भारी पड़ सकता है। जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। लगातार बढ़ रही बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए विभाग अब और आक्रामक मोड में नजर आ रहा है। ऐसे में देखना होगा कि यह सख्ती जमीन पर कितनी असरदार साबित होती है या फिर आंकड़े यूं ही बढ़ते रहेंगे।

**हो रही थी चोरी**

बिजली चोरी की सूचनाएं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है जिसमें सरकारी कर्मचारी के घर पर बिजली चोरी की जा रही थी। जिन पर जुर्माना किया गया है।

**लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा,** सहायक अभियंता, बिजली बिभाग पलेरा

---

निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर व सीएमओ

# नहर बनी नासूर तो सड़कों से राहत मानसून पूर्व प्रशासन की अग्निपरीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

शहर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था और खस्ताहाल सड़कों को लेकर आखिरकार प्रशासन हरकत में नजर आया। कलेक्टर विवेक श्रोतीय, नपा सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया और नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने भारी अमले के साथ बंडा नहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जमीनी हकीकत का सामना करना पड़ा, जहां लोगों की नाराजगी भी खुलकर सामने आई। जनहित से जुड़ा यह मुद्दा अब प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा बनता दिख रहा है।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नहर निर्माण की ऊंचाई को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। लोगों का कहना है कि यदि नहर की ऊंचाई इसी तरह रही तो बरसात में पानी नहर में जाने के बजाय घरों और गलियों में भर जाएगा। नागरिकों ने इसे तकनीकी लापरवाही बताते हुए निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी स्थिति को गंभीरता से लिया, जिसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने मामले की जांच के संकेत दिए हैं।

बरसात नजदीक होने को देखते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले हर हाल में नाले और ड्रेनेज से जुड़े कार्य पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने साफ कहा कि जल निकासी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की यह सख्ती इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल बारिश में शहर के कई इलाके जलभराव से जूझते नजर आये थे और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इसी बीच शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर भी सामने आई है। अंबेडकर चौराहे से नए बस स्टैंड तक लंबे समय से खराब पड़ी सड़क के निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। यह मार्ग शहर की प्रमुख लाइफलाइन माना जाता है, जिसके बन जाने से यातायात सुगम होगा और लोगों को धूल व गड्ढों से राहत मिलेगी।

---

दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान उत्साह व संगठनात्मक ऊर्जा माहौल में संपन्न

# संगठन ही शक्ति, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶पलेरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल पलेरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा आयोजन सक्रियता और जोश से भर गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने



और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संदेश दिया और कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए आधार तैयार करने वाला कार्यक्रम माना जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओ को संगठन की नीतियों एवं विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

---

बनारस से आई स्वरूप मंडली ने आयोजन को दिया अति भव्य रूप

# बजरंगबली जयकारों से गूंजा नगर,शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶बड़ागांव धसान

रामभक्त हनुमान की जयंती पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अलग रूप देते हुये बड़ागांव धसान में हनुमान जयंती मनाई गई। जिंसमे आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरे नगर में जय श्री राम एवं जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

हनुमान जयंती के अवसर पर मारूति नंदन हनुमान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर प्रांगण को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और धार्मिक सजावट से इस तरह संवारा गया कि वह भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। भगवान को छप्पन प्रकार के भोग अर्पित किए गए और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर महाआरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। दोपहर बाद हनुमानजी प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को उत्सव में बदल दिया। बनारस से आई 12 सदस्यीय स्वरूप मंडली ने शोभायात्रा में सजीव झांकियों से सभी का मन मोह लिया। बनारस स्वरूप मंडली सदस्यों द्वारा भगवान शंकर, रामभक्त हनुमान, कालका माता, माँ भद्रकाली, भूत प्रेतो और स्वयं हनुमानजी के स्वरूपों की जीवंत झांकियां प्रदर्शित की गई जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को जीवंत बना दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, डीजे की धुन और घोड़ा-बग्गियों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालु झूमते-गाते नजर आए। नगर के प्रमुख मार्गों हनुमान जी गेट से शुरू होकर धनुषधारी मंदिर चौराहा, बस स्टैंड और नरसिंह मंदिर होते हुए यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में बुंदेली लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिली। राई नृत्य, नोनिया-योनिया जैसी पारंपरिक कलाओं की प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी खास बना दिया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चोरयाल, पुरुषोत्तम नायक, बृजेंद्र राय, संजय गुप्ता, प्रेमचंद राजपूत, रवि पांडे, प्रसून छत्रीय, राहुल ताम्रकार, रानू संज्ञा, स्वामी असाटी, हरचरण विश्वकर्मा, हरीश रावत, जितेंद्र फुसकेले सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। हनुमान जयंती का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का भी संदेश दे गया। पूरे नगर में दिनभर भक्ति, उल्लास और श्रद्धा का ऐसा वातावरण रहा, जिसने हर किसी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।







## दूर होगी जिले में चिकित्सकों की कमी, रेफरल सिस्टम पर लगेगी लगाम

# जिले को मिले 14 डॉक्टर, इनमें 10 श्योपुर में, 4 विजयपुर में देंगे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे श्योपुर जिले के लिए खुश खबर यह है कि जिले को 14 नए विषय विशेषज्ञ चिकित्सक और मिले हैं। इनमें से 10 चिकित्सकों को जिला अस्पताल में एवं 4 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में पदस्थ किया जाएगा। इन नए चिकित्सकों की पदस्थी के बाद जिले से इलाज के लिए मरीजों का दूसरे शहरों में होने वाला पलायन रोकने में मदद मिलेगी।

अनिवार्य सेवा के बंधपत्र के अनुक्रम में, ऑन लाईन च्वाईस फिलिंग प्रक्रिया के तहत पीजी बंधपत्र चिकित्सकों को च्वाईस के जो अधिकार दिए थे उनमें से 14 चिकित्सकों ने श्योपुर जिले का चयन चिकित्सा सेवा देने के लिए किया है। इनमें से 10 चिकित्सक जिला अस्पताल को एवं 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर को मिलेंगे। खास बात यह है कि जिन चिकित्सको ने चॉइस फिलिंग की है उन्हें कम से कम एक साल के लिए संबंधित जगह पर आवश्यक रूप से सेवा देना ही पड़ेगी, तब ही उन्हें किसी दूसरे अस्पताल में नौकरी करने का अवसर मिलेगा। इसलिए यह चिकित्सक ज्वॉइन कर छुट्टी पर चले जाएं या ज्वाइनिंग करने ही नहीं आए, ऐसा संभव नहीं है।

### अस्पतालों के प्रमोशन होने के चलते मिले चिकित्सक

श्योपुर जिले को जो 14 नए डॉक्टर मिले हैं वह जिला अस्पताल एवं विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रमोशन होने पर मिले हैं दरअसल हाल ही में सरकार ने श्योपुर जिला अस्पताल को 200 बेड से बड़ा कर 300 बेड का किया है जिससे यहां पर डॉक्टर और स्टाफ को 300 बेड के मान से बढ़ाने की तैयारी शुरू हो चुकी थी। उधर विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल हॉस्पिटल का दर्जा प्रदान कर दिया गया है हालांकि सिविल अस्पताल के लिए नई बिल्डिंग बन रही है लेकिन सरकार ने सिविल हॉस्पिटल की सेवाओं के अनुसार नए चिकित्सक भेज दिए हैं दूसरा स्टाफ भी आएगा और मशीन भी आना शुरू हो जाएंगी ऐसी स्थिति में विजयपुर से मरीज रेफर होकर सबलगढ़ मुरैना जाने वहीं जिला अस्पताल में अब विषय विशेषज्ञ चिकित्सक और आ जाने से जो लोग राजस्थान की इलाज के लिए जाते थे वह भी रुक जाएंगे।

### ये डॉक्टर मिले श्योपुर जिला अस्पताल को

1 डॉ दिव्यांजलि तोमर नेत्र रोग विशेषज्ञ
2 डॉ राकेश नेत्र रोग विशेषज्ञ
3 डॉ प्रशांत अग्रवाल अस्थि रोग विशेषज्ञ
4 डॉ राजेश कुमार अस्थि रोग विशेषज्ञ
5 डॉ जागरूति सोलंकी एमरजैंसी मेडिसिन विशेषज्ञ
6 डॉ जया अवस्थी एमडी माइक्रोबायोलॉजी
7 डॉ जैनेंद्र ब्रेन निलबद बाल रोग विशेषज्ञ
8 डॉ डोली शिरोमणि एमडी माइक्रोबायोलॉजी
9 डॉ प्रकाश नारायण धाकड एमडी मनोरोग विशेषज्ञ
10 डॉ नेहा पाठक त्वचा रोग विशेषज्ञ।

### विजयपुर में ये चिकित्सक देंगे सेवाएं

1 डॉ मोहिनी गर्ग नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
2 डॉ महिमा उईके महिला रोग विशेषज्ञ
3 डॉ गरिमा गोयल पैथोलॉजी बिशेषज्ञ
4 डॉ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़ अस्थि रोग विशेषज्ञ

### इनका कहना...

जिले में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले और रेफरल सिस्टम पूरी तरह समाप्त हो इसके प्रयास किया जा रहे हैं। जो नए 14 चिकित्सक मिले हैं उनका लाभ मरीजों को मिलेगा अभी और स्टाफ मिलना बाकी है।

डॉ डीएस सिकरवार
सीएमएचओ श्योपुर

## एक साल पुराने मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

# कट्टे से गोली मारने वाले आरोपी को 7 साल का कठोर कारावास,25 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

अवैध कट्टे से जान से मारने की नीयत से गोली मारने संबंधी मामले में श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 7 साल के कठोर कारावास और 25 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुना दी है। एक साल पुराना यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की।



जानकारी के अनुसार बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कोथ निवासी फरियादी का पिता 25 जनवरी 2025 की शाम को घर के बाहर चबूतरे पर आग जलाकर ताप रहे थे,तभी वहां गांव का ही आरोपी रामचरण पुत्र सियाराम गुर्जर ट्रैक्टर लेकर पहुंचा और फिर ट्रैक्टर से नीचे उतरकर जल रही आग में लात मार कर उसे फैला दिया। जब फरियादी के पिता ने कहा कि इस तरह लात मारकर आग क्यों फैलाई। इससे आरोपी रामचरण और भडक गया और फिर कट्टा लाकर उससे गोली मार दी। जिससे फरियादी का पिता घायल हो गया। कट्टा भी अवैध ही था। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। तृतीय अपर सत्र न्यायालय श्योपुर ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी रामचरण गुर्जर निवासी कोथ को दोषी मानते हुए 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी,इसके साथही 25 हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित कर दिया।

## डिप्टी कलेक्टर को दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

# गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।




गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर गुरुवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सोपा।

जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले रैली निकाल कर ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा जिसमें उल्लेख किया है कि रसोई गैस, दाल, सब्जी, तेल आदि दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतें। एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत, महिलाएं घंटों लाइन में खड़ी रह रही हैं। पेट्रोल-डीजल की बेलगाम बढ़ती कीमतें, सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती एवं 1 अप्रैल 2026 से बिजली दरों में औसतन 4.80% की बढ़ोतरी, से आम उपभोक्ता त्रस्त हैं मध्यम वर्ग एवं किसानों का बिजली बिल काफी महंगा हो गया है। ये सभी मुद्दे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। इन्हें नियंत्रित किया जाए। साथ ही संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रदर्शन करने पर एफआईआर दर्ज कर आवाज दबाने का काम किया जाता है जो प्रशासन का पक्षपात पूर्ण रवैया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत मीणा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, सोंई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम मिलन मीणा आदि नेता कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया पर 19 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से वार्षिक चक्रीय क्रम में सामुहिक विवाहों के आयोजन के लिए निर्धारित तिथियों के क्रम में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर सभी निकायो में सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग शशिकिरण इक्का ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं नगरपालिकाओं द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त तिथि पर आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन अंतर्गत योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अभिभावक अपने आवेदन 4 अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायो में जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे। उक्त तिथियों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभिभावक अपने आवेदन आयोजन तिथि से 15 दिवस पूर्व तक संबंधित निकायों में जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# न्यायालय में पेश की वसीयत निकली फर्जी, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

श्योपुर के द्वितीय व्यवहार न्यायालय में चल रहे एक मामले में एक पक्ष की ओर से पेश की गई वसीयत जांच के दौरान फर्जी पाई गई। जिसके बाद न्यायालय ने इस फर्जी वसीयत को लगाने वाले पक्षकार के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किए जाने के आदेश दिए है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने बद्रीलाल धाकड निवासी इंद्रपुरा के खिलाफ धोखाधडी की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि श्योपुर के द्वितीय व्यवहार न्यायालय में चल रहे एक प्रकरण के दौरान बद्रीलाल धाकड पुत्र प्रभूलाल धाकड निवासी इंद्रपुरा द्वारा न्यायालय में अपना पक्ष मजबूत करने के लिए बतौर सबूत वसीयत पेश की गई। लेकिन जब न्यायालय ने इस वसीयत की जांच करवाई तो जांच के दौरान यह वसीयत कूटरचित दस्तावेजो के सहारे तैयार कराई निकली। जिसके बाद न्यायालय ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराए जाने के आदेश दिए। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में न्यायालय के आदेश के पालन में न्यायालय कर्मचारी बृजकिशोर शर्मा की रिपोर्ट पर बद्रीलाल धाकड निवासी इंद्रपुरा थाना बडौदा के खिलाफ धोखाधडी की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं इसे परोपकार समझकर करें: कलावती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।




शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं मेरा सभी शिक्षकों से अनुरोध है कि वह इस काम को परोपकार समझ करें यह बात गुरुवार को वार्ड नं 23 की पार्षद कलावती गौतम ने कन्या उमावि श्योपुर में समारोहपूर्वक आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

शासन के निर्देशानुसार समारोह पूर्वक आयोजित हुए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल होने पहुंची पार्षद कलावती गौतम एवं संकुल प्रिंसिपल एम.एल गर्ग की अध्यक्षता में छात्राओं एवम स्टाफ की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवम छात्राओ को माला पहनाकर निशुल्क पुस्तक वितरण की गई। रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद गौतम ने जहां शिक्षकों से सेवाभाव के साथ शैक्षणिक कार्य करने का आव्हान किया वहीं छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाइ करने का आव्हान किया। इस मौके पर हरीश कुमार शर्मा, रवि कुमार गर्ग, अजय श्रीवास्तव नवल कुमार मित्तल सुरेंद्र शर्मा विनय शर्मा टी.सी.माहौर रामस्वरूप , कृष्ण कुमार रामबाबू चौरसिया श्रीमती गोमती शर्मा तृप्ति शर्मा निरंजना गुप्ता द्रोपदी आदि मौजूद रहे।

## बाढ राहत घोटाला:दो आरोपी और पकड़े, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

ढाई करोड के बाढ राहत घोटाले में बडौदा पुलिस ने गुरूवार को दो आरोपियों को अरेस्ट करके न्यायालय में पेश किया है,जहां से उन्हें श्योपुर जेल भेज दिया गया है। पकडे गए दोनो आरोपी प्रायवेट कम्प्यूटर ऑपरेटर थे। जिन्हें बैंक खाते में बाढ राहत घोटाले की राशि डाली गई थी।

एसडीओपी बडौदा अवनीत शर्मा ने बताया कि गुरूवार को दो आरोपियों को और पकडा गया है। पकडे गए दोनो आरोपियों में धीरज सुमन पुत्र रामकिशन सुमन निवासी ललितपुरा तथा योगेश गौतम पुत्र बालमुकंद गौतम निवासी कुडायथा थाना बडौदा शामिल है। इन दोनो आरोपियों को अरेस्ट करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इन दोनो की गिरफतारी होने से अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए जाने वाले आरोपियों की संख्या 33 पहुंच गई है।

### करंट लगने से युवक की मौत

श्योपुर। ढोढर थाना क्षेत्र में बीती शाम को पंजाब के एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक हार्वेस्टर मशीन से ढोढर क्षेत्र में गेंहू की फसल काटने के लिए आया था। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ढोढर थाना पुलिस ने बताया कि मलकीत सिंह गजबी 26 वर्ष पुत्र बलविंदर सिंह गजबी निवासी विखीविण्ड मरगिंदपुरा थाना कच्चापक्का जिला तरनतारन पंजाब बुधवार की शाम को बगदिया क्षेत्र के डालूका डेरा में मशीन को खेत में उतारने के लिए जब मशीन पर चढकर बिजली के तारो को हटा रहा था,तभी तार टूटकर उससे टच हो गया। जिससे उसे करंट आ गया और उसकी मौत हो गई।

## भक्तिभाव के साथ मना बजरंगबली का जन्मोत्सव, मंदिरों में दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

# बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार बल बुधि बिद्या देहु मोहिं, हरहु कलेस बिकार...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा गुरूवार को बजरंगबली का जन्मोत्सव शहर सहित जिले में पूरे भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान जिलेभर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों पर भक्तों की सुबह से रात तक आवाजाही बनी रही। इस दौरान जहां शहर के श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती का आयोजन हुआ। वहीं जाटखेडा हनुमान मंदिर पर पैदल यात्रा निकालकर श्रद्धालुओं के द्वारा झंडा चढाया गया। जबकि विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा शहर में एक बाइक रैली और शोभायात्रा निकाली गई। जो बंजाराडेम स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई और मुख्य बाजार से होते हुए श्री खेडापति हनुमान मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई, इस दौरान पुलिस द्वारा शहर में सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम किए गए थे।

रामभक्त हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर शहर सहित जिलेभर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों पर प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार मनभावन रहा। वहीं मंदिरों की साज-सज्जा भी श्रद्धालुओं को लुभाने वाली रही। इस पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों का परिवेश सुंदर कांड, बजरंग बाण सहित रामचरित मानस और भजनों के स्वरों से गुंजायमान बना रहा। बजरंग बली के जन्मोत्सव पर सभी मंदिरों में विशेष आरती भी सम्पन्न हुई। सांध्यकाल में मंदिरों पर भक्तों का सैलाब पूजन व दर्शनों के लिए उमड़ा। इस दौरान मंदिर परिसर जयघोषों से गुंजायमान बने रहे। मंदिरों पर भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था समितियों व श्रद्धालुओं द्वारा की गई।



### इन मंदिरों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

शहर के श्री रामतलाई हनुमान मंदिर, शिवपुरी रोड, टोड़ी बाजार, पुल दरवाजा रोड नवलखा हनुमान मंदिर, फक्कड़ चौराहा स्थित सीप नदी के पास हनुमान मंदिर, नागदा कैनाल रोड स्थित हनुमान मंदिर, जीवन टॉकिज गली स्थित गरूड़िया के बालाजी, बंजारा डेम स्थित हनुमान मंदिर, छारबाग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, नगरपालिका के पास स्थित खेड़ापति हनुमान पर जयंती उत्सवों की धूम रही। इसके अलावा बड़ौदा, कराहल, वीरपुर तथा विजयपुर नगर सहित अंचल के हनुमान मंदिर जनआस्था का केन्द्र बने। इनमें छिमछिमा हनुमान मंदिर, सिरोनी हनुमान मंदिर, गुर्जर गांवड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ढेंगदा स्थित नकटा बालाजी, जाटखेड़ा हनुमान मंदिर, सोंई के बोण के बालाजी मंदिर, देवरी स्थित हनुमान मंदिर, महुआमार हनुमान मंदिर, पड़ासल्या के हनुमान प्रमुख हैं। उक्त मंदिरों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता देखा गया।



### गाजेबाजे के साथ निकाली पैदल यात्रा, चढ़ाया झंडा

गुरूवार को गाजेबाजे के साथ जाटखेडा हनुमान मंदिर की पैदल यात्रा निकाली गई। सुबह करीब 10 बजे यह पैदल यात्रा शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई। पैदल यात्रा में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। यह पैदल यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर जाटखेडा हनुमान मंदिर पर पहुंची। पैदल यात्रा का रास्ते में कई जगह स्वागत भी किया गया। झंडा लेकर पहुंचे पैदल यात्रियों ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढाकर इस यात्रा का समापन किया। इस दौरान मंदिर के महंत लखनदास त्यागी महाराज सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी व बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# घर लौटी लापता किशोरी, बोली निरार वाली माता के दर्शन करने के लिए गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

अगरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोलीपुरा से गत 21 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हुई एक किशोरी गुरूवार को अपने घर पर वापस आ गई। जिसकी सूचना मिलने पर अगरा थाना पुलिस घर पहुंची और उससे पूछताछ की, क्योंकि अगरा थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

घर लौटी किशोरी पिंकी ने पुलिस को दिए बयानों में अपहरण किए जाने के बाद इनकार करते हुए बताया कि वह खुद ही अपनी मर्जी से पहाडगढ क्षेत्र में स्थित निरार वाली माता के मंदिर में दर्शन करने के लिए चली गई थी। जहां से वह अपने चाचा के यहां सबलगढ चली गई। उसका कोई अपहरण नहीं हुआ है।

अगरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि किशोरी को दस्तयाब कर लिया है और वन स्टाप सेंटर श्योपुर के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को उसके बयान कोर्ट और बाल कल्याण समिति के समक्ष दर्ज कराएंगे। इसके बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा

## ग्राम जैदा की 4 बीघा भूमि शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित

श्योपुर। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा श्योपुर तहसील के ग्राम जैदा की लगभग 4 बीघा भूमि को शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार भूमि की कीमत डेढ करोड से अधिक अनुमानित है। पारित आदेश के अनुसार ग्राम जैदा के सर्वे नंबर 109/13 रकबा 0.8670 हेक्टयर चरनोई भूमि को काबिलकास्त करे बगैर 1975-76 में मदन पुत्र मंगला जाटव के नाम पट्टा किया गया था। वर्ष 1993 में पट्टाधारी को तत्कालीन तहसीलदार के आदेश से भूमि स्वामी अधिकार प्राप्त हुए, लेकिन बगैर सक्षम अधिकारी (कलेक्टर) की अनुमति के वर्ष 1994 में भूमि का विक्रय कर दिया गया, जो कि मध्यप्रदेश राजस्व भू-संहिता 1959 की धारा 158(3) एवं 165(7-ख) का उल्लघन है। डिप्टी कलेक्टर के जांच प्रतिवेदन एवं राजस्व अभिलेखों के सूक्ष्म परिशीलन से यह प्रमाणित होता है कि उक्त भूमि मूलतः शासकीय चरनोई पडाव मद की निस्तार की भूमि थी, जिसे कूटरचना एवं वैधानिक प्रक्रियाओं के घोर उल्लंघन के माध्यम से निजी स्वामित्व में परिवर्तित किया गया है। भूमि मूलतः चरनोई थी, तहसीलदार का आदेश दिनांक 4.11.1993 अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण है, और बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के भूमि का विक्रय संहिता की धारा 158(3) एवं 165(7-ख) के प्रावधानों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। न्यायालय कलेक्टर द्वारा अंतिम आदेश पारित किया गयाा है कि तत्कालीन तहसीलदार परगना श्योपुर द्वारा मदन पुत्र मंगला के पक्ष में पारित वह आदेश, जिसके माध्यम से उसे बिना किसी प्रतिबंध के भूमिस्वामी घोषित किया गया था, विधिक त्रुटि और अधिकारिता के अभाव के कारण प्रारंभ से ही शून्य घोषित किया जाता है। ग्राम जैदा की सर्वे नं. 109/13 रकबा 0.8670 है. के राजस्व अभिलेखों में दर्ज संतोष गर्ग पत्नि सत्यनारायण गर्ग एवं मनीषा गर्ग पत्नि निशांत गर्ग निवासीगण वार्ड नंबर 14 श्योपुर के नामों को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है तथा राजस्व अभिलेखों में पुनः मध्य प्रदेश शासन मद चरनोई पडाव के रूप में दर्ज कर शासकीय मद में बहाल करने के आदेश दिया गया है। खसरा अभिलेख से विक्रय से वर्जित की लाल स्याही की टीप को बिना आदेश विलोपित करने वाले संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु तहसीलदार श्योपुर को आदेशित किया गया है। तहसीलदार श्योपुर को इस आदेश के क्रियान्वयन यथा अभिलेखों में अमल एवं कब्जा प्राप्ति का पालन प्रतिवेदन आगामी 7 दिवस के भीतर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिव्यांग को मौके पर प्रदान की बैशाखी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय से ग्राम कुमर्रा के आवेदक दिव्यांग वकील अहिरवार द्वारा आवेदन देते हुए बैशाखी दिलाये जाने की गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा आवेदक के आवेदन पर त्वरित रूप संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित कर मौके पर ही आवेदक को बैशाखी प्रदान की। वैशाखी पाकर दिव्यांग वकील अहिरवार कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए गंतव्य की ओर रवाना हुआ।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी विमल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चार अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी दिलीप कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक कुशवाह ने डंडे से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराभान निवासी हरिओम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुनंदन और छोटू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरोज बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीकेश यादव और हरिओम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू और हरिभजन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में फांसी लगाकर खुदकुशी करने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाने के दो घटनाओं के मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम धनवारा निवासी मोहरसिंह आदिवासी ने खेरे में आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दूसरी घटना जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत स्टेशन रोड़ मुंगावली पर हुई जहां राजा पुत्र दल्लू अहिरवार उम्र 25 साल ने घर में ही पंखे के कुंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### सरसों भावांतर योजना 16 अप्रैल से प्रारंभ

**अशोकनगर।** रबी वर्ष 2025-26 हेतु सरसों भावांतर योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए 16 अप्रैल से सरसों भावांतर योजना प्रारंभ किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

### महामासिक मिलन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

**अशोकनगर।** भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर जैन मिलन परिवार द्वारा मंगलवार को रात्रि में जैन भवन में महामासिक मिलन आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत महावीर प्रार्थना के उपरांत णमोकार महामंत्र का पाठ तथा पाश्र्वनाथ जैन मंदिर पाठशाला, शांतिनाथ मंदिर पाठशाला, गांव मंदिर पाठशाला, सुभाष गंज मंदिर पाठशाला के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इन सभी प्रस्तुति देने वालों का सम्मान आयोजकों द्वारा किया गया। पाठशाला में प्रतिदिन बहिनों द्वारा निःशुल्क धार्मिक शिक्षा दी जाती है उन सभी चारों पाठशालाओं की दीदियों का भी सम्मान किया गया। दिन रात समाज की व्यवस्थाओं में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले दि. जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं महामंत्री राकेश अमरोद तथा श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र कोचर का भारतीय जैन मिलन की चारों शाखाओं द्वारा शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जैन मिलन अध्यक्ष पवन जैन, मंत्री वीर संजय जैन गीत गंगा,पाश्र्व जैन मिलन अध्यक्ष नीरज तारई,मंत्री सोरभ जैन शोरू,जैन मिलन सेंट्रल अध्यक्ष सचिन जैन बारी, मंत्री सचिन जैन सर्राफ एवं महिला जैन मिलन अध्यक्ष प्रीति पाली,मंत्री आशी मिर्ची तथा विनीता मिर्ची, शैलजा खैरा आदि रहे मौजूद।

## एसडीएम ने कहा-हमारा कार्यालय भी नए भवन में ही लगाएंगे

# अनुविभागीय कार्यालय विहीन, नया भवन सिर्फ तहसीलदारों के लिए बना !






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर नए तहसील भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन का लोर्कापण केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा होने जा रहा है। इस भवन को संयुक्त तहसील कार्यालय भवन के रूप में बनाया गया है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का कोई जिक्र नहीं हैं, ऐसे में सवाल यह है कि अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कहां लगेगा। अभी तक तहसील भवन में ही संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय लगता रहा है। अशोकनगर शहर में तहसील कार्यालय का यह तीसरा भवन होगा, सबसे पहले तहसील की शुरूआत, गांधी पार्क के समीप पुराने अदालत भवन मे हुई थी। 1933 में तहसील प्रारंभ हुई उस समय इस शहर का नाम पछार था। अशोकनगर में 1956 में एसडीएम कार्यालय की शुरूआत की गई। अब तक यहां 67 एसडीएम पदस्थ हो चुके हैं, वर्तमान में यहां जो तहसील भवन है यहां तहसीलदार के साथ दो नायब तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय संचालित है। जब अशोकनगर में अपर कलेक्टर के पद की स्थापना हुई थी, उस समय पहले अपर कलेक्टर पुखराज मारू यहां आए थे, तब भी अपर कलेक्टर का कार्यालय इसी भवन में लगता था।

### एक समय अपर कलेक्टर का कार्यालय भी तहसील भवन में लगता था

वर्तमान में जो तहसील भवन है उसके ऊपर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसीलदार अशोकनगर लिखा हुआ है, लेकिन जो नया भवन बना है उस पर अनुविभागीय अधिकारी के नाम का कोई उल्लेख नहीं है उस पर संयुक्त तहसील कार्यालय का उल्लेख है। ऐसे में अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय कहां लगेगा यह अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि नया भवन तहसीलदारों के हिसाब से बनाया गया है। अभी तहसील के साथ ही एसडीएम कार्यालय चलता रहा है यह नया भवन संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार कार्यालय के नाम से बनाया जाना था, लेकिन यहां तहसीलदारों की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में तहसील भवन पुराना होने से क्षतिग्रस्त हो गया है उसके स्थान पर नया भवन बनाया गया है, लेकिन जिस स्थान पर यह तहसील बनी है वह भूमि किसके नाम से है इसका अभी पता नहीं है। यह भी संभावना बताई जा रही है जिस जगह तहसील बनी है वह भूमि जनपद कार्यालय के नाम हो सकती है लेकिन अभी इस तरह के दस्तावेज तलाशे जा रहे हैं।

### नए तहसील भवन में हेंडओवर से पहले कार्य पूरे कराए जाएगें

नए तहसील भवन में 40 छोटे बड़े कक्ष हैं जिसमें यह तहसील भवन लगाया जाएगा, हालांकि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस भवन का लोकार्पण करने आ रहे हैं लेकिन अभी भवन का निर्माण पूरा नही हुआ है न ही आवश्यक सुविधाओं के इंतजाम ठेकेदार द्वारा किए गए हैं जिस तरह का ले आउट इस भवन का है और जिन सुविधाओं का जिक्र है उनके पूरा होने के बाद ही इसे हेंडओवर किया जाना चाहिए, क्योंकि बाद में ठेकेदारों द्वारा कार्यों को छोड़ दिया जाता है। इन बिंदुओं पर भी विशेष ध्यान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रखा जा रहा है।

### क्या कहना है इनका

वर्तमान में जो नया तहसील भवन बनाया गया है, उसमें अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का जिक्र नहीं है लेकिन हम अपना अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय नए भवन में ही लेकर जाएगे, क्योंकि हमेशा से तहसील भवन में ही एसडीएम का कार्यालय लगता रहा है। हम इस बात पर विशेष ध्यान दे रहे हैं कि भवन के लोकार्पण के बाद ठेकेदार द्वारा सम्पूर्ण कार्य पूरे करके दिए जाएं, लोकार्पण के बाद कार्य पूरे कराए जाएगें, उसके बाद यह कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित होगें

**शुभ्रता त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर**

## आप प्रस्ताव लाइए बजट हम देंगेः विधायक सप्रे

# नपा परिषद में हुआ नवनियुक्त एल्डरमैनों का जोरदार स्वागत



**बीना।** नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में नवनियुक्त एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) सुनीता राय, राकेश बिलगैया , रमेश जड़िया, विमल अहिरवार, पवन गुलाटी, संतोष कुशवाहा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने नवनियुक्त एल्डरमैनो को कोहिनूर और धुरंधर बताते हुए कहा कि अब नपा को अनुभवी और ऊर्जावान पार्षदों का सहयोग मिलेगा। जिससे नगर के विकास कार्यों में और गति आएगी, साथ ही उन्होंने कहा कि आप प्रस्ताव लाइए बजट हम देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि बीना आज पूरे प्रदेश में विकास के मॉडल के रूप में पहचान बना रहा है। इस दौरान नपा अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि मनोनीत पार्षदों के अनुभव का लाभ नगर की जनता को विकास के रूप में मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर बीना को आदर्श नगर एवं स्वच्छ नगर बनाना है। सीएमओ राहुल कौरव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक और नपा अध्यक्ष के नेतृत्व एवं मनोनीत पार्षदों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए जनता की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, जिला मंत्री आसमा जैन, जिला सहकार्यालय मंत्री भूपेन्द्र नामदेव, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति जितेन्द्र बोहरे, सभापति मधुलिका यादव, हरिओम चौबे, गौरी शंकर राय, बीड़ी रजक, सौरभ कैथोरिया, विजय लखेरा, बलराम राय, शुभम तिवारी, नंदकिशोर अहिरवार, राकेश अहिरवार, भूपेन्द्र राय, आदिश शाह, अभिषेक लिटोरिया, शशि कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, सतीश कुर्मी, भाजपा पदाधिकारी एवं नगरपालिका कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर हुए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार "स्कूल चलें हम" अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में सहभागिता कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाया एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभाशीष देते हुए पढाई में निरंतर आगे बढकर उज्जवल भविष्य की कामना की।


## बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का लगा तांता

# शहर के हनुमान मंदिर रहे आस्था के केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हनुमान जयंती का पर्व अशोकनगर शहर में आज भक्ति भाव से मनाया जाएगा। शहर के हनुमान मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। संकट मोचक हनुमान जी सबकी समस्याओं का निवारण करने वाले हैं। इसलिए उनके भक्त भी बहुत हैं। सुबह से ही हनुमान मंदिरो के बाहर श्रद्धालुओं का मेला लगा।

शहर मे हनुमान मंदिरों की बात करें तो शहर के तार वाले बालाजी सरकार का मंदिर जन आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र हैं। यहां श्रद्धालुओं की सर्वाधिक संख्या नजर आएगी, मंदिर के बाहर सैकड़ों दुकानें लगेगीं जहां प्रसाद से लेकर फूलमालाओं की दुकाने शामिल होगीं। इसके अलावा, सराफा बाजार हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचेगे, यह मंदिर भी शहर के पुरानें मंदिरों में से एक है। इसी प्रकार पछाड़ी खेडा



वाले हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आएगी, यह वही हनुमान मंदिर है जहां आजादी के आंदोलन के दौरान चन्द्रशेखर आजाद ने शरण ली थी। इसी तरह शहर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, चिंताहरण मंदिर, संकट मोचक मंदिर, ब्रम्हगौड़ मंदिर, शिव टोरिया, पुंडरीकाक्ष मंदिर के साथ शहर के 50 से भी अधिक हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र होगें।



### चैती पूर्णिमा पर करीला में छोटे मेले का आयोजन

करीला धाम पर चैत्र महीने की पूर्णिमा पर छोटे मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में एक से दो लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां जानकी माता के दरबार के साथ हनुमान जी का मंदिर भी है। यहां भी भक्तों के द्वारा हनुमान जी के दरबार में पहुंच कर राई का आयोजन कराया जाता है।

### गैस सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने जाम लगाया

**अशोकनगर।** स्थानीय कोलुआ रोड पर बाबा गैस एजेंसी के बाहर मुख्य सड़क पर गैस उपभोक्ताओं ने सिलेण्डर न मिलने के विरोध में जाम लगाया। इस दौरान उपभोक्ताओं का कहना था कि नम्बर लगाने के 15 दिन बाद भी उन्हें सिलेण्डर प्रदान नहीं किया जा रहा है, इस दौरान उन्होंने कालाबाजारी के आरोप भी लगाए। सूचना मिलने के बाद देहात थाने की पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहंचे और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईस दी। जिसके बाद विरोध जता रहे लोगों ने अपना प्रदर्शन वापिस ले लिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब भी वह सिलेण्डर की मांग करने जाते हैं तब उन्हें कहा जाता है कि उनके घर पहुंचा दिया जाएगा, लेकिन सिलेण्डर नहीं पहुंचाया जा रहा है। जिसके बाद प्रशासन ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया है, ज्ञात हो कि उससे पहले भी उपभोक्ता अपनी मांगों को लेकर विरोध जता चुके हैं।

# बच्चों को तिलक लगाकर पार्षद ने कराया प्रवेशोत्सव, वितरित की गई पुस्तकें




**बीना।** गांधी वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपने जीवन की नई शुरुआत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद भारती राय, शाला समिति अध्यक्ष विमला बाई, प्रधानाध्यापक मीना अहिरवार एवं अरविंद शुक्ला ने विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद भारती राय ने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जो बच्चों के सपनों को हकीकत में बदलती है। पढ़-लिखकर ही बच्चे अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। इस दौरान और कक्षा पहली से 5 वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को नियमित अध्ययन और अनुशासन का महत्व बताया।

## नपा परिषद ने बनाया भव्य सुविधा घाट

# तुलसी सरोवर पर श्रद्धालुओं को मिली बड़ी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की आस्था का केंद्र कहे जाने वाले तुलसी सरोवर तालाब पर अब महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजन-अर्चन में असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका परिषद अशोकनगर के अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं सम्पूर्ण परिषद ने संवेदनशीलता और दूरगामी सोच के चलते तालाब के विमान चबूतरे के पास एक सुंदर और व्यवस्थित घाट का निर्माण कराया गया है। इस पहल की पूरे नगर में जमकर सराहना हो रही है।

### वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

तुलसी सरोवर के विमान चबूतरा क्षेत्र में वर्षों से महिलाएं ग्यारस, तीज और अन्य प्रमुख त्योहारों पर दीपदान और पूजा के लिए आती थीं। घाट न होने के कारण पथरीले और उबड़-खाबड़ रास्तों पर बैठकर दीप जलाना महिलाओं के लिए काफी कष्ट दायक होता था। इतना ही नहीं, जलझूलनी एकादशी जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर जब भगवान के विमान तालाब किनारे पहुँचते थे, तब श्रद्धालुओं को ठाकुर जी को जल विहार कराने के लिए तालाब में उतरना पड़ता था। उचित व्यवस्था न होने से लोगों के पैर कीचड़ में धंस जाते थे और गिरने का भय बना रहता था।

### कायाकल्प देख खिले चेहरे

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं परिषद ने श्रद्धालुओं की इस जमीनी समस्या को महसूस किया और तुरंत यहाँ सीढ़ियों वाले सुंदर घाट के निर्माण का निर्णय लिया। अब तालाब के किनारे पक्की और सुरक्षित सीढ़ियां बन गई हैं, जिससे महिलाएं आसानी से बैठकर पूजन और दीपदान कर पा रही हैं।

## भू माफिया ने सड़क डालकर प्लॉट बेचने की तैयारी की थी

# प्रशासन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रशासन ने स्थानीय मुस्कान पब्लिक स्कूल के पीछे शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की है। इस दौरान भू माफिया ने शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया था और प्लॉट काटने के लिए सड़क डाल दी गई थी। इस भूमि की कीमत सबा करोड़ होना बताई गई है। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही तहसीलदार भारतेन्दु यादव के निर्देश पर की गई। इस दौरान प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस भूमि के मुख्य द्वार पर भूमाफिया ने



सीमेन्ट्र के पिलर खड़े कर दिए थे और एक आवासीय भू खण्ड की नींव भरी जा चुकी थी, जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। इसके अलावा कॉलोनी काटने के लिए बीच में सड़क डाली गई थी, टकनेरी के सर्वे नम्बर 23 के अंतर्गत यह कार्यवाही की गई है। कुल क्षेत्रफल सबा बीघा है। इस भूमि पर बृजमोहन पुत्र नारायण कुशवाह द्वारा कब्जा किया गया था, इस दौरान प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार मुकेश दुवे, राजस्व निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, पटवारी जितेन्द्र शर्मा, संतोष रघुवंशी, अनिल शर्मा, गौरव त्यागी, जगभान यादव, रूपेन्द्र यादव, जितेन्द्र जादौन, अभिषेक चैहान और राजपाल मीना शामिल थे।

## गुस्साए व्यापारियों ने सुबह 9 बजे बंद रखीं दुकानें

पूर्व विधायक संग सैकड़ों नागरिकों ने विरोध कर ज्ञापन दिया

# कचरे का लगा अंबार, जनता का फूटा गुस्सा, नारकीय जीवन से तंग नागरिकों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक विरासत और साड़ियों के लिए विश्व विख्यात चंदेरी इन दिनों कचरे के ढेरों और नालियों की सड़ांध के बीच दम तोड़ रही है। पिछले 24 मार्च से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पालिका को नियमित टैक्स देने के बावजूद, शहरवासी गंदगी के ढेर में रहने को मजबूर हैं। इसी आक्रोश के चलते आज चंदेरी की सड़कों पर जनसैलाब विरोध के लिए उमड़ पड़ा।

### बाजार बंद कर विरोध में उतरे व्यापारी और आम जन

सफाई व्यवस्था के विरोध में आज सुबह 9 बजे चंदेरी के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नागरिकों का कहना है कि जब सरकार स्वच्छ भारत का नारा देती है, तो चंदेरी में यह अभियान केवल कागजों तक ही सीमित क्यों




है? मुख्य मार्गों से लेकर रिहायशी इलाकों तक गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है।

**सत्ता पक्ष की चुप्पी पर जनता का प्रहार**-आंदोलन के दौरान नागरिकों ने सत्ता पक्ष के स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि जिले से लेकर चंदेरी तक सत्ता पक्ष के नेताओं के पास बड़े पद हैं, लेकिन शहर की इस बदहाली पर किसी ने आवाज नहीं उठाई। रैली में सत्ता पक्ष के एक भी नेता का शामिल न होना जनता के बीच चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं इन नेताओं के संरक्षण में ही नगर पालिका प्रशासन लापरवाही बरत रहा है।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रमुख मांगें और चेतावनी

पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान, अखिलेश श्रीवास्तव, डाले उर्फ बाहुबली और संदीप श्रीवास्तव सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### ज्ञापन में निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई

- नियमित कचरा उठाव हर वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन समय पर पहुंचे।
- चोक नालियों की सफाई मानसून से पहले सभी छोटी-बड़ी नालियों की मशीनीकृत सफाई हो।
- भ्रष्टाचार पर लगाम स्वच्छता बजट का सही उपयोग हो और नदारद रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।
- सार्वजनिक डस्टबिन पर्यटन स्थलों और बाजारों में पर्याप्त संख्या में कचरा पात्र रखे जाएं।
- यदि आगामी 3 से 5 दिनों के भीतर सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो जनता सड़कों पर उतरकर चक्काजाम और नगर पालिका का घेराव करेगी।